C-40

# University of Hyderabad

## M.Phil (Hindi) Entrance Examination – 2013

Time : 2 Hours

Max. Marks : 75

**Hall Ticket No. ................................**

Instruction :

Please enter your Hall Ticket Number on this page and also on the **OMR** answer sheet **without fail.**

Answers are to be marked on the **OMR** answer sheet only following the instructions provided there upon.

The question paper consists of 75 objective type questions and there will be negative marking of 0.33 mark for every wrong answer as per the University rules.

C-40

# University of Hyderabad

## Entrance Examination 2013

## M.Phil (Hindi)

**सूचना :** निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिनमें केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर चुनकर कर **OMR Sheet** पर यथास्थान चिह्नित कीजिए :

1. 'द माडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान' के लेखक हैं :
   A) गार्सा द तॉसी B) जॉर्ज ग्रियर्सन
   C) जान बीम्स D) हार्नली

2. राजमती और अजमेर के चौहान राजा तृतीय के विवाह, वियोग और पुनर्मिलन की कथा किसमें कही गई है?
   A) खुमाण रासो B) बीसलदेव रासो
   C) परमाल रासो D) पृथ्वीराज रासो

3. 'पद्मावत' में जायसी ने हीरामन तोते के रूप में इसका संकेत किया है -
   A) राज्य B) परमात्मा
   C) आत्मा D) गुरु

4. 'तंत्र न जानूं, मंत्र न जानूं, जानूं सुंदर काया' - यह किसका कथन है?
   A) रैदास B) दादू दयाल
   C) कबीर D) संत रज्जब

5. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल इनको प्रेमाख्यान परंम्परा के प्रथम कवि मानते हैं -
   A) ईश्वरदास B) मुल्ला दाऊद
   C) दामोदर कवि D) कुतुबन

6. 'जहँगीर जस चंद्रिका' के लेखक हैं -
   A) सेनापति B) नरहरि बारहट
   C) प्राणचंद चौहान D) केशवदास

7. 'सिद्धांत पंचाध्यायी' के लेखक हैं -
   A) परमानन्द दास B) कुम्भनदास
   C) कृष्णदास D) नन्ददास

8. रसखान की यह प्रसिद्ध रचना है -
   A) भक्ति प्रताप B) सूरसागर
   C) प्रेमबारहखड़ी D) प्रेमवाटिका

C-40

9. अकबरी दरबार के कवियों में इनका विशेष सम्मान था -

A) रामराय
B) न्यामत खॉ जान
C) रहीम
D) कृपाराम

10. 'पृथ्वीचन्द्र चरित्र' इनकी रचना है -

A) माणिक्यसुन्दर सूरि
B) चन्दबरदाई
C) जयशेखर सूरि
D) नरपति नाल्ह

11. 'सुजानहितप्रबन्ध' इनकी रचना है -

A) चिन्तामणि
B) मतिराम
C) बिहारी
D) घनानन्द

12. 'ध्वनि सम्प्रदाय' के प्रवर्तक आचार्य का नाम है -

A) कुंतक
B) मम्मट
C) पंडितराज जगन्नाथ
D) आनन्दवर्द्धन

13. रीतिकाल में लिखित अधिकांश काव्य इस प्रकार के हैं -

A) महाकाव्य
B) मुक्तक
C) खण्डकाव्य
D) प्रबंध काव्य

14. 'नासिकेतोपाख्यान' इनकी रचना है -

A) सदल मिश्र
B) सदासुख लाल
C) बोधा
D) भूषण

15. महन्त रामचरण दास और हरिहर प्रसाद इस रूप में प्रसिद्ध हैं -

A) बिहारी सतसई के टीका-टिप्पणकार
B) केशव के टीका-टिप्पणकार
C) तुलसी के टीका-टिप्पणकार
D) भागवत के टीका-टिप्पणकार

16. शब्द रूपों और वाक्य विन्यास की दृष्टि से दक्खिनी गद्य -

A) आधुनिक ब्रज भाषा के पर्याप्त निकट है
B) आधुनिक अवधि के पर्याप्त निकट है
C) आधुनिक राजस्थानी के पर्याप्त निकट है
D) आधुनिक खड़ीबोली के पर्याप्त निकट है

17. भारतेन्दु युग की राष्ट्रीय चिन्तन धारा के दो पक्ष हैं -

A) हिन्दी प्रेम और अंग्रेजी का विरोध
B) सामन्तवाद का विरोध और राष्ट्रीय आन्दोलन
C) देशप्रेम और राजभक्ति
D) अंग्रेज़ों का समर्थन और जमींदारी प्रथा का विरोध

18. 'श्री चंद्रावली' नाटिका के लेखक हैं -

A) बालकृष्ण भट्ट
B) श्रीनिवासदास
C) राधाकृष्णदास
D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

19. 'चन्द्रकांता' इनके द्‌वारा लिखित तिलस्मी-ऐयारी उपन्यास है -

A) किशोरीलाल गोस्वामी B) देवकीनन्दन खत्री

C) ठाकुर जगन्मोहन सिंह D) राधाकृष्ण दास

20. 'भारतवर्ष की विख्यात स्त्रियों के जीवन-चरित्र' के लेखक हैं -

A) काशीनाथ खत्री B) प्रतापनारायण मिश्र

C) अंबिका दत्त व्यास D) गोकुलनाथ शर्मा

21. किसको खड़ीबोली में लिखा गया प्रथम महाकाव्य माना जाता है?

A) कामायनी B) साकेत

C) उर्वशी D) प्रियप्रवास

22. 'पंचपरमेश्वर' (1916) इनकी प्रसिद्ध कहानी है -

A) जयशंकर प्रसाद B) प्रेमचन्द

C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी D) वृन्दावन लाल वर्मा

23. 'मजदूरी और प्रेम' इनका प्रसिद्ध निबंध है -

A) बालमुकुन्द गुप्त B) सरदार पूर्णसिंह

C) महावीर प्रसाद द्‌विवेदी D) श्यामसुन्दर दास

24. 'सरस्वती' मासिक पत्रिका का प्रकाशन इस वर्ष से शुरू हुआ था -

A) सन् 1900 B) सन् 1903

C) सन् 1902 D) सन् 1909

25. "जब वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमयी अभिव्यक्ति होने लगी तब हिंदी में उसे 'छायावाद' नाम से अभिहित किया गया." - यह कथन किसका है?

A) डॉ. नगेन्द्र B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

C) महादेवी वर्मा D) जयशंकर प्रसाद

26. 'तुलसीदास' इनकी प्रसिद्ध रचना है -

A) सुमित्रानन्दन पंत B) तुलसीदास

C) निराला D) नाभादास

27. 'मुक्ति का रहस्य' इनका प्रसिद्ध नाटक है -

A) लक्ष्मीनारायण मिश्र B) जयशंकर प्रसाद

C) हरिकृष्ण प्रेम D) लक्ष्मीनारायण गर्ग

28. 'त्यागपत्र' इनका प्रसिद्ध उपन्यास है -

A) जैनेन्द्र B) भगवती चरण वर्मा

C) प्रेमचन्द D) जयशंकर प्रसाद

29. "…. लोभियो तुम्हारा अक्रोध, तुम्हारा इन्द्रिय-निग्रह, तुम्हारी मानापमान-समता, तुम्हारा तप अनुकरणीय है : तुम्हारी निष्ठुरता, तुम्हारी निर्लज्जता, तुम्हारा अविवेक, तुम्हारा अन्याय विगर्हणीय है." - ये पंक्तियां किनकी हैं?

A) बाबू गुलाबराय
B) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
D) शांतिप्रिय द्विवेदी

30. प्रयोगवादी काव्यधारा का आरंभ इस वर्ष से माना जाता है -

A) सन् 1943
B) सन् 1949
C) सन् 1945
D) सन् 1948

31. इनमें से किस उपन्यासकार पर मार्क्सवाद का प्रभाव नहीं है?

A) यशपाल
B) राहुल सांकृत्यायन
C) अमृतराय
D) जैनेन्द्र

32. 'एक पति के नोट्स' किस कहानीकार की रचना है?

A) महेन्द्र भल्ला
B) निर्मल वर्मा
C) कमलेश्वर
D) अज्ञेय

33. 'हिंदी साहित्य की भूमिका' के लेखक कौन हैं?

A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
B) डॉ. नगेन्द्र
C) गणपति चन्द्र गुप्त
D) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

34. देवनागरी लिपि का विकास इस लिपि से हुआ -

A) ब्राह्मी लिपि
B) खरोष्ठी लिपि
C) सिरिलिक लिपि
D) रोमन लिपि

35. संविधान के इन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी उपबंध दिये गये हैं -

A) 343 से 351 तक
B) 340 से 345 तक
C) 345 से 355 तक
D) 340 से 350 तक

36. यह मागधी अपभ्रंश के मध्यवर्ती रूप से विकसित भाषा रूप है -

A) चत्तीसगढ़ी
B) मैथिली
C) बुंदेली
D) अवधी

37. पूर्वी हिन्दी वर्ग के अन्तर्गत आने वाली उप भाषाएँ हैं -

A) बांगरू, ब्रज, बुंदेली
B) भोजपुरी, मैथिली, मगही
C) जयपुरी, मेवाती, माल्वी
D) अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी

38. यह संवृत, दीर्घ अग्र स्वर है -

A) ऊ
B) ई
C) इ
D) उ

39. नासिकीकृत स्वरों को यह कहा जाता है -
A) नासिक्य स्वर
B) अनुस्वार
C) नासिक्य व्यंजन
D) अनुनासिक

40. चाय-वाय, प्यार-व्यार आदि शब्द इसके उदाहरण हैं -
A) पुनरुक्त शब्द
B) अनुकरणात्मक शब्द
C) प्रतिध्वनित शब्द
D) संयुक्त शब्द

41. वाक्य साँचे में प्रत्येक घटक के प्रयोग का एक निश्चित स्थान होता है जिसे कहते हैं -
A) रेखीय स्थान
B) विन्यास स्थान
C) प्रकार्य स्थान
D) सूचना स्थान

42. 'मुझे बुखार है' - यह वाक्य किस श्रेणी के वाक्य का उदाहरण है?
A) क्रिया प्रधान वाक्य
B) कोप्यूला वाक्य
C) को-वाक्य
D) क्रियाविशेषण प्रधान वाक्य

43. 'आकाशवाणी', 'मंत्रालय' आदि शब्द इस तरह की अनेकार्थता के उदाहरण हैं -
A) विरासत में मिली अनेकार्थता
B) हिंदी के प्रत्ययों के अनेकार्थी होने के कारण अनेकार्थता
C) ध्वनि परिवर्तन से उत्पन्न अनेकार्थता
D) नव शब्द निर्माण से उत्पन्न अनेकार्थता

44. अधिकरण के लिए हिंदी में इनका प्रयोग होता है -
A) ने और को
B) में और पर
C) से और के लिए
D) का और के

45. जिन व्यंजनों के उच्चारण में निश्वास वायु का अधिक प्रयोग होता है उन्हें कहते हैं -
A) अघोष व्यंजन
B) अल्पप्राण व्यंजन
C) महाप्राण व्यंजन
D) अनुनासिक व्यंजन

46. जब शब्दों का अर्थ अधिक व्यापक हो जाता है, उसे कहते हैं -
A) अर्थादेश
B) अर्थापकर्ष
C) अर्थ-विस्तार
D) अर्थ-संकोच

47. नौवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन यहाँ हुआ था -
A) सूरीनाम
B) जोहान्सबर्ग
C) मॉरीशस
D) दिल्ली

C-40

48. 'It is neither a case for prosecution, nor for departmental action' का सही अनुवाद है -

A) यह मामला अभियोजन के लिए उपयुक्त है और विभागीय कार्रवाई के लिए नहीं.

B) यह मामला उपयुक्त अभियोजन के लिए नहीं है न ही विभागीय कार्रवाई के लिए.

C) यह मामला न तो अभियोजन के लिए उपयुक्त है और न ही विभागीय कार्रवाई के लिए.

D) यह मामला विभागीय कार्रवाई के लिए और अभियोजन के लिए उपयुक्त नहीं है.

49. 'ऊपर स्पष्ट की गई स्थिति को देखते हुए इस प्रस्ताव का समर्थन किया जा सकता है' - का सही अंग्रेजी अनुवाद है -

A) In view of the position above the proposal may be supported.

B) In view of the position explained above we may support the proposal.

C) Position explained above may support the proposal.

D) Support the proposal in view of the position explained.

50. 'रस गंगाधर' किनका प्रसिद्ध ग्रंथ है?

A) विश्वनाथ B) रुय्यक

C) अप्पय्य दीक्षित D) पंडितराज जगन्नाथ

51. 'काव्यशोभाकंरान् धर्मानलंकारान् प्रचक्षते' - यह किसकी उक्ति है

A) भामह B) दण्डी

C) वामन D) रुद्रट

52. रस के संदर्भ में 'उत्पत्तिवाद' का प्रतिपादन करने वाले आचार्य का नाम है -

A) भट्ट लोल्लट B) शंखुक

C) भट्ट नायक D) अभिनव गुप्त

53. "साधारणीकरण का अर्थ रचयिता और उपभोक्ता (कवि और दर्शक) के बीच भावना का तादात्म्य ही है." - यह किसका कथन है?

A) डॉ. नगेन्द्र B) डॉ. श्यामसुन्दर

C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल D) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी

54. "राम जपु, राम जपु, राम जपु, बावरे।
घोर भव नीर निधि नाम निज नाव रे।।" - इस अलंकार का उदाहरण है

A) यमक B) वक्रोक्ति

C) वीप्सालंकार D) पुनरुक्तिवदाभास

55. 'औचित्य विचार चर्चा' के लेखक क्षेमेन्द्र का समय है -

A) सन् 1000 B) सन् 1100

C) सन् 1050 D) सन् 1085

56. 'अभिव्यंजनावाद' के प्रवर्तक आचार्य का नाम है -

A) ज्यां पाल सार्त्र B) क्रोचे

C) टी एस इलियट D) बेन जॉनसन

57. हर्बर्ट रीड का संबंध इस वाद से है -

A) स्वच्छन्दतावाद B) यथार्थवाद

C) अतियथार्थवाद D) अस्तित्ववाद

58. 'व्याख्यात्मक समीक्षा' का श्रेय इन्हें दिया जाता है -

A) आई ए रिचर्ड्स B) राल्फ फॉक्स

C) सी डी लेविस D) टी एस इलियट

59. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अपनी नाटक रचना का प्रारंभ बंगला के किस नाटक के अनुवाद से किया?

A) विद्यासुंदर B) प्रेम जोगिनी

C) अंधेर नगरी D) दुर्लभ बंधु

60. 'अग्निगर्भ' उपन्यास की रचना किसने की है?

A) मन्नू भण्डारी B) महाश्वेता देवी

C) मैत्रेयी पुष्पा D) अरुंधती रॉय

61. 'आवाँ' उपन्यास की लेखिका का नाम है -

A) ममता कालिया B) चित्रा मुद्गल

C) नासिरा शर्मा D) कृष्णा सोबती

62. 'मैं और मैं' किसका उपन्यास है?

A) मृदुला गर्ग B) प्रभा खेतान

C) प्रतिभा रॉय D) राजी सेठ

63. राजभाषा विभाग के लिए सी-डैक द्वारा विकसित अंग्रेज़ी-हिंदी मशीन अनुवाद प्रणाली का नाम है -

A) मंत्र B) मात्रा

C) अनुसारक D) आंग्ल भारती मशीन अनुवाद प्रणाली

64. 'प्रकृति का मानवीकरण' इस काव्यधारा की प्रमुख विशेषता है -

A) प्रगतिवाद B) प्रयोगवाद

C) यथार्थवाद D) छायावाद

65. हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग की स्थापना इस वर्ष में हुई -

A) सन् 1910 B) सन् 1920

C) सन् 1918 D) सन् 1927

66. 'अब और नहीं' किनकी रचना है?
A) सूरजपाल चौहान B) मोहनदास नैमिशराय
C) ओमप्रकाश वाल्मीकि D) श्यौराज सिंह

67. 'जहाॅ लक्ष्मी कैद है' - कहानी के लेखक हैं -
A) निर्मल वर्मा B) वीरेन्द्र मेंहदीरत्ता
C) अमरकांत D) राजेन्द्र यादव

68. हिंदी भेंट वार्ता के इतिहास में सर्वाधिक चर्चित डॉ. पद्मसिंह शर्मा 'कमलेश' की पुस्तक का नाम है -
A) बातों बातों में B) समय और हम
C) कल के हस्ताक्षर D) मैं इनसे मिला

69. 'मेरा परिवार' इनके द्वारा लिखित रेखाचित्र संग्रह का नाम है -
A) महादेवी वर्मा B) प्रकाशचन्द्र गुप्त
C) शिवपूजन सहाय D) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'

70. 'जहाॅ मैं खड़ा हूँ' इनकी आत्मकथा है -
A) रामदरश मिश्र B) हंसराज रहबर
C) कालिदास कपूर D) हरिवंशराय बच्चन

71. 'आखिरी कलाम' इनके उपन्यास का नाम है -
A) काशीनाथ सिंह B) वीरेन्द्र जैन
C) दूधनाथ सिंह D) हिमांशु जोशी

72. 'उपनिवेश में स्त्री' इनकी पुस्तक का नाम है -
A) प्रभा खेतान B) मृणाल पाण्डेय
C) उषा प्रियंवदा D) अनामिका

73. 'ऐ लड़की' किनकी रचना है
A) कृष्णा सोबती B) मन्नू भण्डारी
C) ममता कालिया D) इंदु जैन

74. 'प्रगतिशील वसुधा' साहित्यिक पत्रिका के संस्थापक संपादक का नाम है -
A) विभूतिनारायण रॉय B) नंदकिशोर नवल
C) प्रभाकर श्रोत्रिय D) हरिशंकर परसाई

75. 'अंधेरे के सिलसिले' कहानी-संग्रह के लेखक हैं -
A) ज्ञान प्रकाश B) राजेन्द्र कुमार मिश्र
C) गिरिराज किशोर D) मिथिलेश्वर

* * *